# माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय

माखनपूरम परिसर, म.प्र. राज्य शूटिंग अकादमी के सामने, पोस्ट बरखेड़ा नाथू, बिसनखेड़ी, भोपाल(म.प्र.)462044

वेबसाइट - www.mcu.ac.in

## पुरानी अनुपयोगी - उत्तर पुस्तिकाओं, समाचार पत्रों, प्रोजेक्ट, बुकलेट मिक्स रद्दी एवं कचरा रद्दी विक्रय हेतु निविदा प्रपत्र

निविदा फार्म जारी करने की तिथि : 29/01/2026

निविदा अवधि वृद्धि सूचना : ....................

निविदा फार्म का शुल्क जीएसटी सहित : रू. 5900/-

(रू.5000/-जोडे जीएसटी 18 प्रतिशत रू.900/- कुल राशि रु 5900/-)

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय : 16/02/2026 अपरान्ह 03.00बजे

निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 16/02/2026 अपरान्ह 03.30 बजे

.

A लिफाफे में रखे

# अमानत राशि/प्रतिभूति राशि (EMD) का विवरण

1. निविदा फार्म शुल्क जीएसटी सहित रु 5,900/- का बैंक ड्राफ्ट क्रं............................
   (Demand draft of rupees 5,900/- In favour of -Registrar, MCNUJC payable at Bhopal)

2. बैंक का नाम एवं दिनांक .......................................................................................................

3. अमानत राशि (EMD) रु 1,00,000/- का बैंक ड्राफ्ट क्र................................................
   (Demand draft of rupees 1,00,000/- In favour of -Registrar, MCNUJC payable at Bhopal)

4. बैंक का नाम एवं दिनांक.......................................................................................................

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर (सील सहित).......................................दिनांक...........................

**नोटः-** A लिफाफे में केवल निविदा शुल्क (जीएसटी सहित) एवं अमानत राशि के बैंक डिमांड ड्राफ्ट संलग्न करें एवं सील बन्द करें।

B लिफाफे में रखे

# निविदा प्रपत्र (तकनीकी बिड)

प्रति,
कुलसचिव,
माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार
विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.)।

**विषयः– पुरानी अनुपयोगी – उत्तर पुस्तिकाओं, समाचार पत्रों, प्रोजेक्ट, बुकलेट, कचरा रद्दी एवं मिक्स रद्दी विक्रय विषयक।**

महोदय,

उपरोक्त विषय से संबंधित दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित निविदा क्रमांक.................................... /भण्डार/ ........................भोपाल, दिनांक.......................................के संबंध में निवेदन है कि, हमने निविदा प्रपत्र में उल्लेखित समस्त नियमों/शर्तों/निर्देशों/परिशिष्ट I एवं तकनीकी विवरण परिशिष्ट II का भली–भांति सावधानीपूर्वक अध्ययन कर लिया है जो कि हमें पूर्ण रूप से स्वीकार्य है। अतः हमारी फर्म द्वारा रद्दी क्रय करने हेतु निविदा पूर्ण विवरण सहित निम्नानुसार प्रस्तुत है–

| क्र. | निविदाकर्ता का विवरण | विवरण | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | निविदाकर्ता फर्म का नाम | | | | |
| 2 | निविदाकर्ता का नाम | | | | |
| 3 | निविदाकर्ता फर्म का पूर्ण पता. | | | | |
| | (3.1) दूरभाष कमांक | | | | |
| | (3.2) e-mail. | | | | |
| 4 | निविदा प्रपत्र जिसे विश्वविद्यालय की वेबसाइट से डाउनलोड किया गया हो। | हॉ | | नही | |
| 5 | फर्म का PAN कमांक एवं उसका प्रमाण पत्र | हॉ | | नही | |
| 6 | फर्म का GST कमांक एवं उसका प्रमाण पत्र | हा | | नही | |
| 7 | फर्म का 10 लाख टर्नओवर का प्रमाण पत्र | हा | | नही | |
| 8 | कार्य का अनुभव प्रमाण संलग्न करें तीन वर्षो का | हॉ | | नही | |
| 9 | विगत 3 वित्तीय वर्षो का ITR संलग्न | हॉ | | नही | |
| 10 | फर्म के पंजीयन की प्रति | हॉ | | नही | |
| 11 | नगरनिगम द्वारा जारी अद्यतन पंजीयन/गुमाश्ता प्रमाण पत्र | हॉ | | नही | |
| 12 | मिल का प्रमाण पत्र जिसे पूर्व में रद्दी विक्रय की हो | हॉ | | नही | |
| 13 | ब्लेक लिस्ट न होने का शपथ पत्र (प्रारूप संलग्न) | हॉ | | नही | |

**निविदाकर्ता के हस्ताक्षर (सील सहित)...........................................................................दिनांक....................................**

C लिफाफे में रखे

# PRICE-BID

## (वित्तीय निविदा)

प्रति,

कुलसचिव,

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय,

भोपाल (म.प्र.)

फर्म का नाम ................................................................................................................................

पता– ................................................................................................................................

................................................................................................................................

................................................................................................................................

फैक्स नं......................................फोन नं./मोबाईल नं. ...................................................................

**रद्दी की विवरण अनुसार दरें**

| कमांक | विवरण | प्रति किलोग्राम दर अकों एवं शब्दों में |
|---|---|---|
| 1 | पुरानी अनुपयोगी उत्तर पुस्तिकायें | |
| 2 | पुराने समाचार पत्र | |
| 3 | मिक्स रद्दी, कचरा रद्दी | |
| 4 | पुराने प्रोजेक्ट, बुकलेट | |

**(निविदाकर्ता की सील मुद्रा सहित हस्ताक्षर)**

# निविदा आवेदन एवं प्रक्रिया संबंधी जानकारी

1. निविदा प्रपत्र www.mcu.ac.in से डाउनलोड करें या विश्वविद्यालय की भण्डार शाखा से रू. 5,900/– के डिमांड ड्राफ्ट देकर प्राप्त किया जा सकता है।
2. यह निविदा माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय भोपाल द्वारां **पुरानी अनुपयोगी – उत्तर पुस्तिकाओं, समाचार पत्रों, प्रोजेक्ट बुकलेट एवं मिक्स रद्दी विक्रय** हेतु आमंत्रित की जा रही हैं।
3. **पुरानी अनुपयोगी – उत्तर पुस्तिकाओं, समाचार पत्रों, प्रोजेक्ट बुकलेट एवं मिक्स रद्दी विक्रय** हेतु आमंत्रित निविदा को वेब–साइट www.mcu.ac.in पर उपलब्ध है। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेब–साईट पर दी जावेगी।
4. **प्रकिया 1–** निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 5,900/– (रूपये पॉच हजार नौं सौं मात्र) है। निविदा प्रतिभूति राशि रू. 1,00,000/– (रूपये एक लाख मात्र) है। ये राशि डिमांड ड्राफ्ट के रूप में **'ए' लिफाफे** में रखकर सील बंद करें। इसकी प्राप्ति पर ही फर्म को प्रक्रिया–2 के लिए योग्य माना जायेगा।
5. **प्रकिया 2–** तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया 1 में योग्य पायी जाने वाली फर्म की ही तकनीकी निविदा खोली जावेगी। तकनिकी निविदा में दर्शित दस्तावेज व फर्म की सील एवं हस्ताक्षरित दस्तावेज **'बी' लिफाफे** में रखना है।
6. **प्रकिया 3–** तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया 2 में योग्य पायी जाने वाली फर्मों की ही वित्तीय निविदा **'सी' लिफाफा** खोला जावेगा।

**(निविदाकर्ता की सील मुद्रा सहित हस्ताक्षर)**

# निविदा की अर्हकारी शर्ते

1. **अनुभवः–** फर्म द्वारा पिछलें 03 वित्तीय वर्षो में सम्बन्धित संस्थाओ किये गये कार्य आदेश/प्रमाण स्वरूप प्रस्तुत करें।

2. **टर्न ओवरः–**पिछले 3 वित्तीय वर्षो में रू. 10,00,000/– (रू. दस लाख) प्रतिवर्ष औसत टर्न ओवर का होना अनिवार्य है। फर्म के टर्न ओवर की चार्टेड एकाउंटेंट से प्रमाणित प्रतिलिपि प्रस्तुत करें।

3. **इनकम टैक्सः–** विगत 03 असेसमेंट वर्षो के इनकम टैक्स प्रमाण पत्र की प्रति प्रस्तुत करें।

4. **ब्लेक लिस्टः–** निविदा में भाग लेने वाली फर्म किसी भी शासकीय संस्था से कभी भी ब्लेक लिस्ट नही होना चाहिए। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है जो रू. 100/– के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित कर विधिवत प्रस्तुत किया जाय। शपथ पत्र का प्रारूप संलग्न है।

5. **प्रत्येक पृष्ठः–** निविदा प्रपत्र एवं संलग्न प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकर्ता द्वारा फर्म की मोहर लगाकर हस्ताक्षर करें। किसी भी प्रपत्र पर फर्म की मोहर एवं हस्ताक्षर न होने पर उसे प्रस्तुत किया नही माना जावेगा।
6. **प्रमाण पत्रः–** संस्था/फर्म/कम्पनी के निम्न प्रमाण पत्र संलग्न करें :–
    1- संबंधित क्षेत्र में संस्था का वैध पंजीयन (अधतन) की छायाप्रति
    2- गुमास्ता
    3- GST नम्बर एवं उसका प्रमाण पत्र
    4- PAN नम्बर एवं उसका प्रमाण पत्र

7. **निर्धारित प्रपत्रः–**निविदा केवल निर्धारित प्रपत्र में ही स्वीकार की जावेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य वापसी योग्य नहीं है।

**(निविदाकर्ता की सील मुद्रा सहित हस्ताक्षर)**

परिशिष्ट–I

# आवश्यक निर्देश

कृपया निविदा भेजे जाने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों/सूचना को भली भांति पठन कर लेवें तदनुसार ही परिपूर्ण निविदा को नियत तिथि **दिनांक 16/02/2026 को दोपहर 03.00** बजे के पूर्व, पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/कोरियर/स्वतः, विश्वविद्यालय की भण्डार शाखा के पते पर सील बंद लिफाफे में प्रेषित करें।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | : **पुरानी अनुपयोगी – उत्तर पुस्तिकाओं, समाचार पत्रों, प्रोजेक्ट, बुकलेट, मिक्स रद्दी एवं कचरा रद्दी विक्रय** |
| निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि | : **दिनांक 16/02/2026** को दोपहर 03.00 बजे तक |
| निविदा प्रपत्र मूल्य जीएसटी सहित | : रू. 5,900/– (डिमाण्ड ड्राफ्ट) वापसी योग्य नहीं |
| अमानत राशि (EMD) | : रू. 1,00,,000/– (डिमाण्ड ड्राफ्ट) |

निम्नानुसार दस्तावेज/प्रमाण पत्र/वांछित राशि का बैंक ड्राफ्ट संलग्न करने के उपरांत ही निविदा विश्वविद्यालय को प्रेषित करें।

1. विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रारूप में निविदा दर (अंकों एवं शब्दों में) को पूर्ण स्पेसिफिकेशन के साथ देना होगा। जिसमें संस्था की सील मुद्रा व निविदाकर्ता के हस्ताक्षर होना आवश्यक है।

2. रद्दी क्रय के संबंध में केन्द्र/राज्य शासन एवं स्थानीय निकायों द्वारा समय समय पर अधिरोपित टेक्स एवं ड्यूटीज का भुगतान समय–समय पर अनिवार्य रूप से करने का उत्तर दायित्व निविदाकर्त्ता का होगा।

3. यदि निविदा प्रपत्र विश्वविद्यालय की वेब साईट से डाउनलोड किया गया है, तो निविदा के साथ प्रपत्र मूल्य रू. 5,900/–की राशि का बैंक डिमांड ड्राफ्ट संलग्न करना अनिवार्य है।

4. EMD राशि के अभाव में टेंडर अधूरा माना जाकर उक्त निविदाकार के Technical तथा Price Bid नहीं खोले जायेंगे।

5. अमान्य/असफल निविदाकर्ता की EMD मूलरूप से वापस की जायेगी।

6. जिस संस्था को कार्य आदेश दिया जायेगा, उस संस्था की EMD को सुरक्षा निधि मानते हुए जमा कर लिया जायेगा तथा कार्य सम्पूर्ण होने पर ही सुरक्षा निधि वापस की जायेगी। उक्त राशि पर काई ब्याज देय नहीं होगा।

7. निविदा स्वीकृत होने के पश्चात् रू. 1000/–(रूपये एक हजार मात्र) मूल्य के नान्ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर उभयपक्षीय अनुबंध करना होगा।

8. आवंटित कार्य को करने से मना करने पर/विलंब करने पर धरोहर राशि राजसात कर ली जायेगी एवं विश्वविद्यालय निर्धारित अवधि के उपरांत अन्य फर्म से कार्य कराने के लिए स्वतंत्र रहेगा एवं इस संबंध में फर्म का कोई भी अभ्यावेदन मान्य नहीं होगा।

9. निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाली निविदाओं पर किसी भी परिस्थिति मे विचार नही किया जावेगा।

10. विश्वविद्यालय द्वारा चाही गयी निविदा प्रतिभूति एवं अन्य आवश्यक विवरण एवं जानकारियों के अभाव में प्राप्त निविदाएं निरस्त मानी जावेगी।

11. पात्र पाई गयी संस्था से प्रथमतः एक वर्ष के लिए अनुबंध किया जाएगा।

12. विश्वविद्यालय द्वारा फर्म की कार्य क्षमता, व्यवहार एवं गुणवत्ता को देखते हुए अनुबंध की अवधि को आपसी सहमति से अधिकतम 2 वर्ष तक के लिए बढ़ाया भी जा सकता है।

13. दोनों पक्षों में से यदि कोई भी पक्ष निविदा समाप्त करना चाहता हे तो उसे न्यूनतम 03 माह की पूर्व सूचना देना आवश्यक है।

14. निविदा की शर्तो में किसी प्रकार की छूट नहीं दी जावेगी।

15. यह निविदा अहस्तांतरणी है।

16. निविदा खोलते समय यदि फर्म का प्रतिनिधी अनुपस्थित रहता है तो बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति अमान्य होगी।

17. निविदा केवल निर्धारित प्रपत्र में ही स्वीकार की जावेगी।

18. वित्तीय दरें सुस्पष्ट अक्षरों में अकों एवं शब्दों में अंकित करें। कॉट–छॉट अथवा अपर लेख होने की स्थिति में अमान्य होगी।

19. विक्रय आदेश जारी होने के चार दिवस के भीतर रद्दी को स्वयं के व्यय पर विश्वविद्यालय से उठवाना होगा।

20. रद्दी उठाने में विश्वविद्यालय की सम्पत्ति को किसी भी प्रकार की क्षति पहुचाने पर क्षतिपूर्ति करनी होगी अन्यथा जमा सुरक्षा निधि से वसुली योग्य होगी।

21. रद्दी उठाने के पूर्व रद्दी की अनुमानित राशि बैक ड्राफ्ट (In favour of -Registrar, MCNUJC payable at Bhopal) द्वारा अथवा ऑनलाईन आर्.टी.जी.एस. द्वारा विश्वविद्यालय के बैंक खाते में जमा करें एवं उसकी रसीद प्रस्तुत करें।

22. विश्वविद्यालय से क्रय की गई रद्दी को अमुक कागज मिल (कारखाना का नाम ) को भेज कर पूरी रद्दी को पूर्णतया नष्ट करने के पश्चात उपयोग में लाया गया है, इस आशय का मिल / करखाना द्वारा जारी प्रमाण–पत्र विश्वविद्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।

23. विश्वविद्यालय से क्रय की गई रद्दी का उक्त प्रमाण–पत्र क्रय की तिथि से एक माह के अन्दर प्रस्तुत करना होगा। तद्उपरान्त की सुरक्षा निधि वापस की जा सकेगी।

24. विश्वविद्यालय द्वारा स्वंय के तोल कांटे अथवा धर्मकांटे से तौल कर ही रद्दी विकय की जावेगी।

25. सम्पूर्ण रद्दी को फाड़कर थैले में भरकर ले जाना चाहिए। यदि विश्वविद्यालय की कोई भी रद्दी बाजार में किसी अन्य जगह पाई जाती है। तो सुरक्षा निधि राशि राजसात कर ली जाऐगी।

26. रद्दी को फर्म द्वारा स्वंय के व्यय पर उठानी होगी। वाहन एवं मजदूरो की व्यवस्था भी स्वयं के व्यय पर करनी होगी।

27. विक्रय की जाने वाली रद्दी की जानकारी के लिये पार्टी द्वारा निरीक्षण किया जा सकता हैं।

28. कार्य सन्तोषजनक न होने या निविदाकर्ता द्वारा शर्तो का पालन नहीं करने की स्थिति में निविदाकर्ता का आदेश माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त किया जा सकता है एवं धरोहर राशि जब्त की जावेगी इसमें जो भी आर्थिक हानि होगी उसकी वसूली स्वीकृत निविदाकर्ता से की जावेगी। ऐसी परिस्थिति में भुगतान से कटौति का अधिकार कुलगुरू माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के विवेकाधिकार पर सुरक्षित रहेगा।

29. **निविदा निष्पादित करने में असफल होना –** यदि एक बार सफल निविदाकर्ता को विश्वविद्यालय द्वारा निविदा स्वीकार कर प्रस्ताव दिया है एवं संबंधित निविदाकर्ता अपने निविदा निष्पादित करने में असफल होता है अथवा निविदा वापस लेना चाहता है तो ऐसी दशा में उनके द्वारा जमा की गई निष्पादन प्रतिभूति राशि विश्वविद्यालय द्वारा राजसात कर ली जायेगी।

30. **निविदाकर्ता द्वारा दी गई जानकारी एवं प्रमाण पत्रों को गलत पाये जाने की दशा में –** निविदाकर्ता द्वारा दी गई जानकारी एवं प्रमाण पत्रों के गलत पाये जाने पर निविदाकर्ता के विरूद्ध विश्वविद्यालय द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी तथा उनके द्वारा जमा की गई सुरक्षा निधि राजसात कर ली जायेगी।

31. **विश्वविद्यालय को बिना कारण बताए निविदाओं का निरस्त करने का अधिकार होगा।**

32. **अन्य शर्तों का पालन न करना –** उक्त बिन्दुओं के अतिरिक्त निविदा की शर्तों का पालन न करने पर कटौत्री का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।

33. **कुलगुरू, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के विशेषाधिकार –**

(अ) निविदाकारों द्वारा दी गई वित्तीय दर समान होने की दशा में विश्वविद्यालय स्वविवेक से पैरामीटर/प्रक्रिया निर्धारित कर सफल निविदाकर्ता के निर्धारण हेतु निर्णय लेने के लिए अधिकृत होंगे। इस संबंध में किसी भी प्रकार का दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

(ब) निविदा प्रक्रिया के संबंध में किसी भी प्रकार की व्याख्या (Interpretation) का प्रश्न उपस्थित होने पर कुलगुरू महोदय का निर्णय अंतिम होगा।

(स) विश्वविद्यालय के पास किसी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को पूर्ण या आंशिक रूप से किसी भी स्तर पर स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने के अधिकार सुरक्षित हैं।

(द) निविदा विषयक विवाद में Sole Arbitrator कुलगुरू, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल होंगे।

(इ) न्यायालयीन विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय होगा।

**(निविदाकर्ता की सील मुद्रा सहित हस्ताक्षर)**

परिशिष्ट– II

# पुरानी अनुपयोगी – उत्तर पुस्तिकाओं, समाचार पत्रों, प्रोजेक्ट, बुकलेट मिक्स रद्दी एवं कचरा रद्दी विक्रय निविदा का तकनीकी विवरण

## (Technical Detail)

01. फर्म द्वारा पिछले तीन वर्षो (2022–23, 2023–24, 2024–2025) में मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्था, बैंक, शासकीय संस्था से यदि उपरोक्त प्रकार की रद्दी क्रय से संबंधित संस्था का कार्य किया हो, इससे संबंधित आदेश/प्रमाण–पत्र की छाया प्रति प्रमाण स्वरूप संलग्न करें ।

02. संस्था का पिछले तीन वित्तीय वर्षों (2022–23, 2023–24, 2024–25) में **न्यूनतम 10 लाख प्रति वर्ष का टर्न ओवर होना अनिवार्य है।** फर्म के टर्न ओव्हर की चार्टड एकाउन्टेट से प्रमाणित छाया प्रति अथवा इन वर्षों के अंकेक्षित लेखे/बैलेन्स शीट भी संलग्न करें।

03. निविदा में भाग लेने वाली फर्म किसी भी शासकीय संस्था से कभी भी ब्लैक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। इस बावत् निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है। जो रू. 100/– के नॉन जुडिशियल स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित कर संलग्न करें। (निविदा फार्म में दिए गये प्रारूप अनुसार)

04. निविदा प्रपत्र एवं संलग्न प्रपत्रों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकर्ता द्वारा फर्म की मोहर लगाकर सत्यापन हेतु हस्ताक्षर करें। किसी भी प्रपत्र पर फर्म की मोहर एवं हस्ताक्षर न होने पर उसे संलग्न नहीं माना जायेगा। बाद में कोई दस्तावेज झूठा या कूटरचित पाए जाने पर निविदा अमान्य कर दी जाएगी तथा सुरक्षा निधि राशि (EMD) जब्त की जाएगी।

05. निविदा के साथ निम्नांकित दस्तावेजों की प्रमाणित प्रति जिस पर फर्म की सील सहित हस्ताक्षर चाहिए निविदा के साथ संलग्न करें :–
   - (क) संबंधित क्षेत्र में संस्था का वैद्य पंजीयन (अद्यतन) की छाया प्रति संलग्न करें।
   - (ख) जी.एस.टी. नम्बर। (छाया प्रति संलग्न करें)
   - (ग) पैन कार्ड नम्बर। (छाया प्रति संलग्न करें)
   - (घ) पूर्व में इस प्रकार की रद्दी जिस मिल को बेची गई हो, मिल से प्राप्त प्रमाण–पत्र की प्रति संलग्न करें।
   - (ड़) पिछले तीन पिछले तीन वित्तीय वर्ष (2022–23, 2023–24, 2024–25) का इनकम टैक्स विवरणी प्रमाण–पत्र की छाया प्रति संलग्न करें।

06. निविदा केवल निर्धारित प्रपत्र में ही स्वीकार की जावेगी।

07. वित्तीय दरें सुस्पष्ट अक्षरों में अकों एवं शब्दों में अंकित करें। कॉट–छॉट अथवा अपर लेख होने की स्थिति में अमान्य होगी।

**(निविदाकर्ता की सील मुद्रा सहित हस्ताक्षर)**

# शपथ पत्र

**(नोटरी से सत्यापित रू. 100/– के स्टाम्प पेपर पर)**

मैं ........................................................................................................... द्वारा प्रोपराईटर मेसर्स ................................................................................................ निम्नलिखित कथन शपथ लेकर कहता हूं कि :–

1. यह कि फर्म को किसी भी शासकीय संस्था/ उपक्रम से कभी भी ब्लैक लिस्टेड नहीं किया गया है।
2. यह कि फर्म का किसी भी प्रकार की रद्दी क्रय करने के संबंध में कोई कानूनी विवाद न्यायालय में लंबित नहीं है।
3. यह कि फर्म पर किसी शासकीय संस्था/उपक्रम की देनदारी शेष नहीं है।
4. यह कि निविदा में प्रस्तुत अथवा शपथ पत्र में पाई गई जानकारी असत्य पाये जाने पर मेरी निविदा को निरस्त करने का अधिकार माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल को होगा।

**शपथग्रहिता**

## सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथग्रहिता सत्यापित करता हूं कि मेरे द्वारा निष्पादित उक्त शपथ पत्र के बिन्दु क्रमांक (1) से (4) में वर्णित कथन मेरे निजी ज्ञान व विश्वास के अनुसार पूर्ण सत्य हैं।

**शपथग्रहिता**